# पीएम नरेंद्र मोदी ने वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर किया जनता को समर्पित : राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर

## कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने की शिरकत

**रतन सिंह**

**पलवल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 85 हजार करोड़ की परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया है और कुछ परियोजनाओं का शिलान्यास किया है। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर पलवल जिला के न्यू पृथला जंक्शन रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल माध्यम से वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होते हुए बोल रहे थे।



इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सिर्फ रेलवे का ही नहीं अपितु हाईवे और एयरपोर्ट का ढांचागत विकास हुआ है। आज उसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 85 हजार करोड़ रुपये की रेलवे की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया है। इनमें ईस्टर्न डेडिकेट फ्रेट कॉरिडोर और वेस्टर्न डेडिकेट फ्रेट कॉरिडोर को भी आज देश को समर्पित किया गया है। इसका लाभ यह है कि अब भारतीय रेलवे की मालगाड़ी और सवारी ट्रेने अलग-अलग ट्रेक पर चलेंगी, इससे एक ओर जहां यात्रियों के समय की बचत होगी वहीं, माल समय पर और कम लागत पर पहुंच पाएगा।

यह दोनों डेडिकेट फ्रेट कॉरिडोर देश के विकास में निश्चित तौर पर मील का पत्थर साबित होंगे। आने वाले समय में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से दूध भी मालगाडियों में लोड होकर मुंबई तक भेजा जाएगा, जिससे यहां के पशुपालकों के दूध के उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी। इसके अलावा महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों को कम लागत में दूध मिल सकेगा।

### 1506 किलोमीटर लंबा है वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर

वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर दादरी उत्तर प्रदेश से जवाहर लाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट नवी मुम्बई महाराष्ट्र तक 1506 किलोमीटर लंबा है, जोकि उत्तर प्रदेश से शुरू होकर राजस्थान व गुजरात होते हुए महाराष्ट्र तक जाता है। डीएफएससी के न्यू दादरी-न्यू रेवाडी जंक्शन तक का यह कॉरिडोर 128 किलोमीटर लंबा है, जिसके मार्ग में 5 स्टेशन शामिल हैं, जिनमें न्यू दादरी, न्यू फरीदाबाद, न्यू पृथला, न्यू ताबडू और न्यू धारूहेडा शामिल हैं। यह खंड असावटी, पलवल और गौतमबुद्ध नगर डीएफसी को भारतीय रेल से जोड़ता है। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड नाटक और देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इसके अतिरिक्त रेलवे जागरूकता को लेकर करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं नामत- निबंध लेखन, चित्रकला आदि के विजेता बच्चों को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय छपरौला और डिस्कवरी इंटरनेशनल स्कूल पृथला के बच्चों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करके मुख्य अतिथि से सम्मान प्राप्त किया। कार्यक्रम में सीजीएम नोएडा राकेश कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि सहित अनेक गणमान्य अतिथियों का स्वागत व्यक्त किया। इस मौके पर भारतीय रेलवे के डीजीएम राजेश नवहाल, सिविल के सहायक परियोजना प्रबंधक मिहीर झा, वरिष्ठ कार्यकारी ए.के. महाजन, कार्यकारी दीपक तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर परिषद पलवल के चेयरमैन यशपाल, हरेंद्रपाल राणा, श्रीनिवास, दीपक डागर, बलदेव अलावलपुर, कुलवीर देशवाल, संजय भारद्वाज, सरपंच पृथला सतेंद्र, समाजसेवी मांगेराम कटारिया, अनिल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सांसद नायब सैनी को मुयमंत्री बनाने पर डॉ. पवन सैनी के नेतृत्व में बाबैन में ढोल बजाकर व लड्डू बांटकर खुशी मनाई



**राजेश कुमार**

**बाबैन :** हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व सांसद नायब सिंह सैनी को भाजपा नेतृत्व द्वारा हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर बनाए जाने पर कुरुक्षेत्र की जनता में भारी जोश एंव उत्साह का माहौल बन गया है। नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर सैकड़ों लोगों ने लाडवा के पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी के नेतृत्व में बाबैन में ढोल बजाकर व लड्डू बांटकर खुशी मनाई और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित सभी विधायको, भाजपा नेताओं और लोगों का आभार जताया है।

इस अवसर पर डॉ. पवन सैनी ने कहा कि नायब सिंह सैनी के प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने से प्रदेश की सभी बिरादरियों में भारी जोश और उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर पहले से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत दर्ज करेगी। डॉ. पवन सैनी ने कहा कि भाजपा ने नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर यह साबित कर दिया है कि भाजपा ही ओबीसी, पिछड़ा वर्ग व दलित समाज की सच्ची हितैषी है और भाजपा में ही सभी वर्गो के हित पुरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा और तेजी से विकास करेगा और प्रदेश की जनता लोकसभा चुनावों में पहले से ज्यादा मतों के अंतर से सभी 10 के 10 लोकसभा प्रत्याशियों को जीत कर प्रदेश से विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ करेगी।

इस अवसर पर सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सिंह उदारसी, बाबैन के सरपंच संजीव सिंगला गोल्डी, गुरनाम गजलाना, जिला परिषद की पूर्व सदस्य रीना सैनी, ओमवीर लालर, मेघनाथ सैनी, विकास शर्मा जलखेड़ी, विनोद सिंगला, नायब इशरहेड़ी, कृष्ण मक्कड़, गुरमीत कलाल माजरा, डिम्पल सैनी, सूर्या सैनी, नरेन्द्र गोजरे, पूर्व चेयरमैन जिले सिंह, गुरनाम कलाल माजरा, कृष्ण बहादुर पुरा, विकास सैनी, सुमित बीड़ सुजरा के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार से कर्मचारी, किसान, नौजवान से लेकर हर वर्ग दुखी : चीमा



**नरेश गर्ग**

**लाडवा :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चीमा ने कहा कि प्रदेश में किसान से लेकर नौजवान तक हर कोई सरकार से परेशान है इस सरकार ने लोगों वादे बहुत किए थे लेकिन विकास के नाम पर सिर्फ झूठी घोषणा कर जनता को गुमराह किया इस बार चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाएंगे लोकसभा चुनाव में इंडियन गठबंधन की बड़ी जीत होगी

पूर्व जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चीमा घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत लोगों को कांग्रेस की घोषणा पत्र से अवगत करवाने के बाद अपने कार्यालय पर बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भी बीजेपी का वजूद खिसक चुका है लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी सभी 10 की 10 सीटों पर जीत कर इंडियन गठबंधन की झोली में डालेगी। इसी प्रकार आने वाले विधानसभा चुनाव में भी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के अगुवाई में कांग्रेस की सरकार बनेगी और सरकार बनते ही पहले कलम से कांग्रेस की सभी घोषणाओं को लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में वर्तमान सरकार को लगभग दस साल पूरे होने वाले हैं इन दस सालों को भाजपा सरकार से किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी युवा सभी दुखी हो चुके हैं रोजगार देने के नाम पर सरकार युवाओं को गुमराह कर रही है 5 साल इकट्ठे रहने के बावजूद जेजीपी भाजपा गठबंधन आज अलग-अलग होने का ड्रामा कर रहे हैं और पुराने कारतूसों को दोबारा चलाने की कोशिश कर रहे हैं युवाओं में सरकार के प्रति भारी रोष है।

# विरोधियों को यह समझना चाहिए कि सी.ए.ए. मुसलमानों के खिलाफ नहीं

## देश के शत्रुतापूर्ण ताकतों के दुर्भावनापूर्ण मंसूबों को समझें और द्वेषपूर्ण प्रचार का करें मुकाबला

**कैथल :** सरकारी एजेंसियों के इस दावे के बावजूद कि इस अधिनियम के परिणामस्वरूप मुसलमानों सहित किसी भी भारतीय से उसकी नागरिकता नहीं छीनी जाएगी, विरोधी काल्पनिक आशंकाओं में हैं, जो लगातार कुछ निहित स्वार्थों से प्रेरित हैं, जो यह दुष्प्रचार कर रहे हैं कि भारत में सब कुछ ठीक नहीं है। पाकिस्तान, जिसे जम्मू-कश्मीर के लिए विशेष दर्जा-अनुच्छेद-370 के उन्मूलन को उजागर करने के अपने प्रयास पर विश्व शक्तियों द्वारा अस्वीकार कर दिया गया था, नागरिकता संशोधन अधिनियम से हिंदू-मुस्लिम रंग देकर उसे भुनाने की पूर्ण रूप से कोशिश कर रहा है। पाकिस्तानी खिलाड़ी सी.ए.ए. पर सभी प्रकार के नकारात्मक प्रचार में



शामिल हैं और दुर्भाग्य से भारत के निर्दोष नागरिक उनके दुर्भावनापूर्ण मंसूबों का शिकार हो रहे हैं। निरंतर जारी सूचना युद्ध में, भारत के युवाओं के एक बड़े वर्ग, विशेष रूप से इसके छात्रों को यह विश्वास दिलाया जाता है कि सी.ए.ए. लाखों मुसलमानों को भारतीय नागरिकता से वंचित कर देगा, जो सच्चाई से बहुत दूर है।

इस पृष्ठभूमि में, मुस्लिम विद्वानों, उलेमाओं और इमामों का दायित्व है कि वे देश के भीतर और बाहर से इन शत्रुतापूर्ण ताकतों के दुर्भावनापूर्ण मंसूबों को समझें और भारत के खिलाफ फैलाए गए द्वेषपूर्ण प्रचार का मुकाबला करें। यह सही समय है कि विरोधियों को सी.ए.ए. के बारे में सच्चाई बताई जानी चाहिए और अपने परिवार और समाज के हित के लिए अपने नियमित जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। सभी भारतीय नागरिकों को भारतीय संविधान में विश्वास रखना चाहिए और अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर भारत की उम्मीद करनी चाहिए।

**(लेखक : फैयाजुद्दीन वारसी, तेलंगाना राज्य के सूफी इस्लामिक बोर्ड के अध्यक्ष हैं।)**

# नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर नपा प्रधान के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी



**नरेश गर्ग**

**लाडवा :** लाडवा लाल सड़क के नजदीक नगर पालिका प्रधान साक्षी खुराना के कार्यालय पर साक्षी खुराना सहित भाजपा कार्य कर्ताओं ने हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने को लेकर मिठाई बताकर खुशी मनाई।

मौके पर नगर पालिका प्रधान साक्षी खुराना ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने जो हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को हरियाणा की जिम्मेदारी सौंपी है। उससे लाडवा हल्के का विकास जो पिछले काफी समय से कुछ अटका पड़ा था, उसमें अब गति आएगी और लाडवा हलके के साथ-साथ पूरा प्रदेश तरक्की की ओर अग्रसर होगा। इससे पूर्व सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके कार्यालय पर ढोल बजाकर व लड्डू आदि बांटकर और आतिशबाजी चलाई। इस अवसर पर राजू खुराना, अमित खुराना, देवराज राजू, राकेश कुमार सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया 11वां विराट कुश्ती दंगल

**यमुनानगर :** श्री बालाजी अखाड़ा हनुमानगेट जगाधरी की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 11वां विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री चौधरी कंवरपाल के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग व उपाध्यक्ष वरुण बत्रा मौजूद रहे। इस विराट कुश्ती दंगल में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए देश के दूसरे राज्यों के अलावा प्रदेश के दूर-दूर स्थानों से आए पहलवानों मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने बताया कि कुश्ती खेल होने के साथ-साथ लोगों के मनोरंजन का साधन भी है, जिसे लोगों द्वारा बहुत ही उत्सुकता से देखा जाता है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश व विदेशों में आयोजित होने वाली सभी खेल प्रतियोगिताओं में हरियाणा के खिलाड़ियों का हमेशा दबदबा रहा है। राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाडियों में सबसे ज्यादा संख्या हमारे प्रदेश के खिलाडि़यों की होती है। हरियाणा जिसने अपनी खेल नीतियों के कारण ऐसे खिलाडि़यों को जन्म दिया जिन्होंने सिर्फ कॉमनवेल्थ ही नहीं बल्कि एशियन गेम्स और ओलंपिक जैसे महाकुंभ में भी प्रदेश की पहचान बनाई है। प्रदेश के युवा सिर्फ एक ही खेल में नहीं बल्कि सभी खेलों में हमेशा ही सबसे आगे रहे। उन्होंने बताया कि हरियाणा में खेल नर्सरियां स्थापित हैं। मंत्री कंवरपाल ने कहा कि खेलों से हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहता है और स्वास्थ्य व मन ठीक होगा तभी हम अपने देश की उन्नति में अपना योगदान दे सकते हैं। खेलों के माध्यम से ही हम नशे जैसी बुराईयों से दूर रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा द्वारा बनाई गई मजबूत खेल प्रणाली ने खेलों में उत्कृष्ट परिणामों का मार्ग प्रशस्त किया है।

# भारतीय जनता पार्टी में रहकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंग : संदीप गर्ग

**नरेश गर्ग**

**लाडवा :** लाडवा अनाजमंडी धर्मशाला में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की लाडवा इकाई द्वारा भाजपा नेता संदीप गर्ग के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे भाजपा नेता संदीप गर्ग का ईकाई के सदस्यों द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।



लाडवा ईकाई के चेयरमैन अश्वनी जैन ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग जैसा व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुआ है, इससे बड़ी व अच्छी बात कोई नहीं हो सकती। क्योंकि संदीप गर्ग अपने दम पर पिछले कई वर्षो से समाजसेवा के कार्य कर रहे हैं और उन्होंने समाजसेवा करके अपनी एक अलग पहचान भी बनाई है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की पूरी लाडवा इकाई भाजपा नेता संदीप गर्ग के साथ है और आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में उनका साथ देने का काम करेंगे और उनको विजयी बनाने का भी काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज के लिए भी यह गर्व की बात है कि एक नेक दिल का इंसान सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में आकर अब जनता की सेवा करने का काम करेगा।

वहीं भाजपा नेता संदीप गर्ग ने लाडवा इकाई का आभार व्यक्त किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी में वह जनता की सेवा करने के लिए ही शामिल हुए है और एक कार्यकर्ता के रूप में जनता की सेवा करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेवारी देगी वह उसे बाखूबी निभाने का काम करेंगे और भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। वहीं कार्यक्रम के दौरान लाडवा इकाई द्वारा भाजपा नेता संदीप गर्ग को फूल गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर युवा प्रधान अंकित मंगला, महिला प्रधान उर्मिल अग्रवाल, मंडी प्रधान बिमलेश गर्ग, पार्षद अमित खुराना, अभिनव जिंदल, केशव मित्तल, साहिल मित्तल, शिव गुप्ता, महेश गुप्ता, हरीश सिंगला, डॉ पुरशोतम गोयल, सुरेंद्र अग्रवाल, सतपाल गोयल, राहुल, यश, मोहित, अंकुर, शिवम, अजय, वेदप्रकाश, सीमा गोयल आदि मौजूद थे।

# मांग पूरी नहीं होने तक जारी रहेगा आमरण अनशन : रमेश दलाल

## आज भी रमेश दलाल के समर्थन में जुटी महिलाओं की भीड़



**तेजयुग न्यूज**

**चंडीगढ़ :** पिछले 11 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे राष्ट्रीय किसान नेता रमेश दलाल ने कहा कि जाट आरक्षण व सम गोत्र विवाह कानून रद्द नहीं होने तक उनका आमरण अनशन शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा। जांच के लिए डॉक्टरों की टीम भी जांच के लिए पहुंची। जांच में डॉक्टरों ने बताया कि उनका वजन 10 किलोग्राम से ज्यादा कम हो चुका है। रमेश दलाल ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा करे। जब तक सरकार आपकी हठ धर्मिता को नहीं छोड़ेगी उनका अनशन इसी प्रकार जारी रहेगा।

रमेश दलाल को समर्थन देने पहुंचे पालम 360 के प्रधान चौधरी रामकुमार सोलंकी अपनी पूरी टीम के साथ राष्ट्रीय महासचिव अशोक मलिक, पप्पू दलाल, धर्मराज जांगड़ा, रमल मांडोठी, वेदपाल राठी महम चौबीसी, कृष्ण आसौदा, बलवान नंबरदार छारा, डॉक्टर मुलिया मांडोठी, राजिंद्र आसौदा, चांदराम बुपनिया, राज सिंह मांडोठी, ओम प्रकाश, राजपाल बुपनिया, रमेश छारा, सतपाल आदि ने कहा कि जाट आरक्षण हमारा हक है और इसे दिलवाने के लिए रमेश दलाल पिछले 11 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे है, मगर बड़े शर्म की बात है कि सरकार की तरफ से अभी तक कोई बात चीत के लिए भी नहीं पहुंचा है। साधन संपन्न होने के बाद भी रमेश दलाल समाज को उसका हक दिलाने के लिए शांतिपूर्ण आमरण अनशन कर रहे है। जबकि दूसरी मांग सम गोत्र कानून को रद्द करने की है जो संपूर्ण समाज की मांग है। यह कानून समाज को कलंकित कर रहा है जिसका दुष्प्रभाव समाज पर पड़ रहा है।

इसलिए सरकार को इसे भी तुरंत प्रभाव से रद्द करना चाहिए। 10 मार्च को हुई सर्व खाप देश व्यापी महा पंचायत में पहुंचे प्रतिनिधियों ने रमेश दलाल का हौसला बढ़ाया और उनका तन मन धन से पूरा साथ देने का आश्वासन दिया। रमेश दलाल ने कहा कि जाट आरक्षण हमारा हक है और इसे हम ले कर रहेंगे। रमेश दलाल को समर्थन देने आए लोगों से एक स्वर में कहा की सरकार सम गोत्र विवाह को रद्द करे और जाटों को 12 राज्यों में ओबीसी सूची में आरक्षण देकर उनका हक दे।

# जय हनुमान जय हनुमान के नारों से गूंजा प्राचीन हनुमान मंदिर, विशाल मेला शुरु

## हनुमान जी संतों में महान संत हैं, जिन्होंने सुग्रीव को भगवान श्री रामचन्द्र जी से मिलवाया : देवी सुदीक्षा

**नरेश गर्ग**

**लाडवा :** लाडवा-इन्द्री मार्ग पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में श्री सनातन धर्म महाबीर दल द्वारा 77वां वार्षिक विशाल मेला शुरु हो गया है। जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप मे संत देवी सुदीक्षा जी महाराज द्वारा ध्वजारोहण कर व 77 गुब्बारे हवा में छोड़कर किया गया। वहीं मंदिर के नए भव्य द्वार का विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी प्रदीप गर्ग व सचिन गर्ग ने उद्घाटन किया गया।





संत देवी सुदीक्षा जी महाराज ने कहा कि हनुमान जी संतों में महान संत हैं, जिन्होंने सुग्रीव को भगवान श्री रामचंद्र जी से मिलवाया। उन्होंने बताया कि हनुमान जी कोई भी रुप धारण करने में सक्षम हैं और अष्ठ सिद्धी के दाता हैं। उन्होंने कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन का कल्याण करना चाहिए। वहीं महाबीर दल के सचिव पवन बंसल ने बताया कि हनुमान जी के 77वें मेले पर पहले ही दिन हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेक कर उन्हें सिंदूर, लंगोट, लड्डू आदि का प्रसाद चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में खेल खिलौना, मनियारी, मिठाईयों व झूलों आदि से सूसज्जित बाजार सजाया गया है। मेले के पहले दिन लाडवा व आस-पास के क्षेत्र के साथ-साथ हरियाणा, पंजाब, हिमाचल से भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर हनुमान जी के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा के साथ-साथ विषणु भगवान, संतोषी माता, राम दरबार, बाबा जाहन सिंह नुकुड़ वाले, मां दुर्गा व रामेश्वर तालाब में स्थापित शिवलिंग पर भी श्रद्धालुओं ने माथा टेका। वहीं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं।

वहीं शहर की अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं की सेवाएं की। मौके पर प्रधान सुदेश बंसल, प्रदीप गर्ग, नीरज गर्ग, सचिन गर्ग, पूर्व विधायक रमेश गुप्ता, दुर्गेश गोयल, अमन गुप्ता, राकेश खुराना, अशोक, बलदेव अरोड़ा, जोगध्यान, रमेश बंसल, सुनील गर्ग, यंशील गर्ग, हन्नी शर्मा, जगदम्बा प्रसाद, दर्शन प्रजापत सहित भारी संख्या में श्रद्वालु मौजूद थे।

# लोकसभा चुनावों में अबकी बार 400 पार के साथ नरेंद्र मोदी संभालेंगे फिर से देश की बागडोर : पवन सैनी



**नरेश गर्ग**

**लाडवा :** लाडवा इंद्री मार्ग पर स्थित मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मेघराज सैनी के कार्यालय पर लाडवा हलके के पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर एक दूसरे को बधाई दी और मिठाई आदि बांटी। लाडवा हलके के पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी ने कहा कि नायब सिंह सैनी भाजपा में बहुत पुराने और कर्मठ कार्यकर्ता है, जिसके कारण उन्हें यह प्रदेश की इतनी बड़ी जिम्मेदारी हरियाणा की बागडोर संभालने के लिए पार्टी की ओर से दी गई है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश और ज्यादा तरक्की की ओर अग्रसर होगा।

वहीं उन्होंने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनावों में अब की बार 400 पर के बाद एक बार फिर नरेंद्र मोदी पूरे देश की बागडोर संभालेंगे। इस अवसर पर मेघराज सैनी, नरेंद्र सिंगल, ओमवीर बुढा, प्रवीण पांचाल, सनी कालड़ा, शिव कुमार बपदा, नरेंद्र सिंघल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।